आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें: WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-161- ● कटनी ● मंगलवार, 13 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष -3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



नासा ने कहा कि वर्ष 2030 में जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ते समुद्र के जलस्तर के साथ चांद अपनी कक्षा से डगमगाएगा, जिससे धरती पर विनाशकारी बाढ़ आएगी।

## अब केबिनेट कमेटियों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट में फेरबदल और विस्तार के बाद अब कैबिनेट कमेटियों में अहम बदलाव किया गया है। कमेटियों में भी पीएम मोदी ने युवा नेताओं को प्राथमिकता दी है। स्मृति ईरानी, भूपेंद्र यादव और सर्बानंद सोनोवाल, मनसुख मंडाविया,ज्योतिरादित्य सिंधिया, गिरिराज सिंह समेत अन्य कई मंत्रियों को समिति में जगह दी गई है। भूपेंद्र यादव को सभी अहम समितियों में शामिल किया गया है।



### इनको मिली समितियों में जगह

पॉलिटिकल अफेयर्स से जुड़ी कैबिनेट कमेटी में भूपेंद्र यादव, स्मृति ईरानी, सर्बानंद सोनोवाल, मनसुख मंडाविया, गिरिराज सिंह की एंट्री हुई है। इन्वेस्टमेंट और ग्रोथ से जुड़ी हुई कैबिनेट कमेटी में नारायण राणे, ज्योतिरादित्य सिंधिया, अश्विनी वैष्णव को शामिल किया गया है। रोजगार और स्किल से जुड़ी कमेटी में धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव, भूपेंद्र यादव, हरदीप पुरी, आरसीपी सिंह की एंट्री हुई है। इस कमेटी की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में है। संसदीय मामलों की कैबिनेट कमेटी में अर्जुन मुंडा, विरेंद्र कुमार, किरण रिजिजू, अनुराग ठाकुर को जगह मिली है, इस कमेटी की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे, अश्विनी वैष्णव, किरण रिजिजू, अनुराग ठाकुर जैसे युवा चेहरों को भी इस बार कैबिनेट की कमेटियों में जगह मिली है। बता दें कि रविशंकर प्रसाद, प्रकाश जावड़ेकर हर्षवर्धन जैसे बड़े चेहरे कैबिनेट से बाहर हो गए हैं, ऐसे में अब कमेटियों में नया बदलाव किया गया है। वहीं हर्षवर्धन और सदानंद गौड़ा अभी भी कुछ समितियों में बने हुए हैं। कैबिनेट में नियुक्ति, सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।

## एमपी केबिनेट: गैस पीड़ित कल्याणी को पेंशन
## खनिज सहित आज कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सरकारी या निजी भूमि से खनिज परिवहन से पहले रायल्टी के बराबर राशि जमा करानी होगी। अभी तक शासकीय भूमि से प्राप्त होने वाले ऐसे खनिज की परिवहन अनुज्ञा जारी करने से पहले रायल्टी दर से दोगुनी के बराबर राशि जमा करनी होती थी। निजी भूमि के लिए रायल्टी के बराबर राशि जमा करने का प्रविधान था। मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम में संशोधन से एकरूपता आ जाएगी। वहीं, भोपाल गैस पीड़ित कल्याणी विधवा को एक हजार रुपये मासिक अतिरिक्त पेंशन देने पर निर्णय लिया जा सकता है। यह पेंशन सामाजिक सुरक्षा पेंशन से अतिरिक्त होगी। इसके अलावा कैबिनेट में अन्य प्रस्तावों पर विचार करके निर्णय लिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीन दिसंबर 2020 को गैस त्रासदी की बरसी पर गैस पीड़ित कल्याणी विधवा पेंशन योजना को फिर से प्रारंभ करने की घोषणा की थी। दिसंबर 2019 तक यह पेंशन मिल रही थी पर इसके बाद यह बंद हो गई थी। गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग ने मुख्यमंत्री की घोषणा के मद्देनजर कैबिनेट निर्णय के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें लगभग साढ़े चार हजार कल्याणी को एक हजार रुपये मासिक अतिरिक्त पेंशन दी जाएगी



### क्विक अपडेट



### पूर्व क्रिकेटर यशपाल शर्मा का हार्टअटैक से निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर यशपाल शर्मा का निधन हो गया है। हार्ट अटैक से उनका निधन हुआ है। 1983 में वर्ल्ड चैम्पियन बनने वाली टीम का हिस्सा थे। यशपाल शर्मा मूल रूप से पंजाब के लुधियाना से थे। उनका जन्म 11 अगस्त 1954 को हुआ था। 70 और 80 के दशक में उनकी भूमिका मध्यम क्रम के धाकड़े बल्लेबाज की रही। हाल के दिनों में उन्होंने क्रिकेट एक्सपर्ट की भूमिका निभाई।याद करते हुए कपिल देव भावुक हो गए।

### 13 जुलाई से शुरू होगी नीट परीक्षा के आवेदन की प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा नीट 2021 के लिए 13 जुलाई, 2021 से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होगी। आवेदन करने के लिए पंजीकरण लिंक शाम 5 बजे से खुलेगी। ऐसे में इस वर्ष नीट यूपी की परीक्षा देने के इच्छुक अभ्यर्थी एनटीए एनईईटी की आधिकारिक साइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 12 सितंबर, 2021 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा की तारीख की घोषणा नवनियुक्त शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को की थी।

### यात्रियों को राहत-कई स्पेशल ट्रेन चलेंगी

**नई दिल्ली।** रेलवे कुछ स्पेशल ट्रेन चलाएगी। लंबी दूरी की ट्रेनों में रेलवे ने आरक्षण की सुविधा भी शुरू कर दी है। हालांकि यह स्पेशल ट्रेन होगी और यात्रा किराया भी ज्यादा होगा। ट्रेन संख्या 06317 कन्याकुमारी-कटरा साप्ताहिक स्पेशल 9 जुलाई से चलेगी। ट्रेन संख्या 06318 कटरा-कन्याकुमारी साप्ताहिक स्पेशल 12 जुलाई से चलेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 02687 मदुरई-चंडीगढ़ द्विसाप्ताहिक स्पेशल 11 जुलाई से चलेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 02688 चंडीगढ़-मदुरई द्विसाप्ताहिक स्पेशल16 जुलाई से चलेगी। ट्रेन संख्या 05733 कटिहार-अमृतसर दैनिक स्पेशल 26 जुलाई से चलेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 05734 अमृतसर-कटिहार 29 जुलाई से चलेगी।

## धरती से टकरा सकता है भीषण सौर तूफान
## फोन सिग्नल नहीं करेंगे काम

**नई दिल्ली।** सूरज से निकली एक गर्म और तेज तूफान की लहर मंगलवार और बुधवार के बीच धरती से टकरा सकता है। इसके चलते जीपीएस सिस्टम, मोबाइल नेटवर्क और सैटेलाइट टीवी प्रभावित हो सकते हैं। इनकी सेवाएं बाधित हो सकती हैं। सौर तूफान के चलते धरती के ऊत्तरी और दक्षिणी ध्रुव पर नॉर्दन और सदर्न लाइट्स की मात्रा और फ्रीक्वेंसी बढ़ सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, 3 जुलाई को सूरज के दक्षिणी हिस्से में एक बड़ा विस्फोट देखा गया। इसकी वजह से सोलर फ्लेयर्स यानी सौर किरणें तेजी से धरती की ओर बढ़ रही हैं। ये मंगलवार और बुधवार के बीच यानी 13 जुलाई को किसी भी समय धरती पर कुछ मिनटों के लिए परेशानी खड़ी कर सकती हैं। स्पेशवैदर डॉट कॉम के मुताबिक, सूरज की तरफ आने वाले इस तूफान से धरती के चुंबकीय क्षेत्र पर असर पड़ सकता है, जो लोग उत्तरी या दक्षिणी ध्रुव के आसपास रहते हैं, उन्हें रात में आसमान में खूबसूरत औरोआ देखने को मिल सकता है, लेकिन यह खूबसूरती अपने साथ कई तरह की दिक्कतें भी लेकर आ रही है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक, यह सौर तूफान धरती की तरफ 16 लाख किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आ रहा है, जोकि कुछ समय में और ज्यादा तेज हो जाएगा। जैसे ही यह तूफान धरती के चुंबकीय क्षेत्र में प्रवेश करेगा, इसकी वजह से सैटेलाइट सिग्नल बाधित होंगे, जिससे जीपीएस, टीवी, मोबाइल नेटवर्क में दिक्कत आ सकती है। सौर तूफान की वजह से धरती का बाहरी वायुमंडल गर्म हो सकता है, जिसका सीधा असर अलग-अलग देशों द्वारा भेजे गए सैटेलाइट्स पर पड़ेगा। इसकी वजह से जीपीएस के सहारे चलने वाले विमानों, जहाजों, मोबाइल फोन और सैटेलाइट टीवी आदि की सेवाएं बाधित हो सकती हैं। ये भी हो सकता है कि कुछ देशों में बिजली की सप्लाई बाधित हो जाए और लोगों को अंधेरे का सामना करना पड़े।



### जियोमैग्नेटिक तूफान से दिक्कत

सौर तूफान की वजह से धरती पर एक और तूफान का खतरा पैदा होगा, जिसे जियोमैग्नेटिक तूफान कहते हैं। जब सूरज से आने वाले चार्ज्ड पार्टिकल्स धरती की चुंबकीय क्षेत्र से टकराते हैं, तब जियोमैग्नेटिक तूफान आता है। इसकी वजह से धरती के चुंबकीय क्षेत्र में कुछ देर के लिए बाधा उत्पन्न होती है, जिससे लैटीट्यूट और लॉन्गीट्यूड समझने में दिक्कत होती है। इससे जीपीएस काम करना बंद कर देता है।



### इराक के कोविड-19 अस्पताल में आग से 50 लोगों की मौत

**नासिरिया।** इराक के नासिरिया में एक कोविड-19 अस्पताल में दर्दनाक हादसा हुआ है। इस अस्पताल में भीषण आग लगने से 50 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हुए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों और पुलिस के हवाले से ये खबर दी है। अधिकारियों ने बताया कि नासिरया शहर के इस अस्पताल में कम से कम 50 लोगों की मौत हुई है तथा अन्य की हालत नाजुक बनी हुई है। मरने वाले लोग बुरी तरह झुलस गए थे। उन्होंने बताया कि आग इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि आग ऑक्सीजन सिलेंडर फटने की वजह से लगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने आग लगने के कारण के बारे में कुछ नहीं कहा है।

## इंदिरा गांधी के आध्यात्मिक गुरू धीरेंद्र ब्रह्मचारी के आश्रम पर गंभीर आरोप, जांच शुरू



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आध्यात्मिक गुरु धीरेंद्र ब्रह्मचारी के आश्रम पर भूमि बिक्री के मामले में टैक्स चोरी करने के गंभीर आरोप लगे हैं। धीरेंद्र ब्रह्मचारी के आश्रम की गुरूग्राम में 23.9 एकड़ की यह भूमि आज की बाजार दरों में लगभग दो हजार करोड़ रूपये की है, जबकि कुछ लोगों की मिली भगत से इसे केवल 55 करोड़ का बताकर बेचा जा रहा था। मामले का संज्ञान लेते हुए आर्थिक अपराध शाखा ने आश्रम के ट्रस्ट और कथित फर्जी खरीदारों के ऊपर केस दर्ज कर लिया है। साथ ही, संस्था के ट्रस्ट अपर्णा आश्रम ट्रस्ट पर एक खरीदार से समझौता पूरा हुए बिना दूसरे खरीदार को बेचने का गंभीर आरोप भी है। दरअसल, धीरेंद्र ब्रह्मचारी का यह आश्रम गुरुग्राम, हरियाणा के सिलोखरा गांव में 23.99 एकड़ भूमि पर बना हुआ है। उन्होंने इसे 1973 में बनाया था। इसका संचालन उनके नेतृत्व में बनी एक सोसाइटी अपर्णा आश्रम सोसाइटी के जरिए की जाती थी। उनके अलावा इस सोसाइटी में मुरली चौधरी, रेनू चौधरी, श्याम शर्मा और केके सोनी थे। ब्रह्मचारी के देहावसान के बाद संस्था के देखभाल की जिम्मेदारी मुरली चौधरी के हाथों में आ गई थी। वर्ष 2010 में ट्रस्ट ने अपनी भूमि के एक बड़े हिस्से को बेचने का निर्णय किया था। इस आश्रम की 75 प्रतिशत भूमि की बिक्री करने का एक सौदा स्प्लेंडर ग्रुप नाम की कंपनी के साथ 2010 में सौदा 300 करोड़ रूपये में हुआ था। आश्रम को 50 लाख रूपये एडवांस देते हुए कंपनी ने बाकी की राशि आवश्यक लाइसेंस मिल जाने के बाद बिक्री के समय देना नियत किया था।आरोप है कि इस समझौते को अंजाम पर पहुंचाए बिना आश्रम ने इसी भूमि को दिल्ली की चार अन्य कंपनियों को बेच दी।

## पुरुष को करना पड़ेगा जागरूक
### जनसंख्या नियंत्रण पर नीतीश के बयान पर डिप्टी सीएम रेणू का जवाब



**पटना।** उत्तरप्रदेश सरकार की ओर से जनसंख्या नीति पेश करने के बाद देशभर में एक नई बहस छिड़ गई है। बिहार में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री रेणु देवी आमने-सामने हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से जनसंख्या नियंत्रण को लेकर उठाए गए कदम को लेकर जब नीतीश कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा था कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए सिर्फ कानून बनाने से आबादी नियंत्रित हो जाएगी यह संभव नहीं है। इसके लिए महिलाओं का शिक्षित होना ज्यादा जरूरी है। नीतीश कुमार के बयान से इतर उप मुख्यमंत्री रेणु देवी ने कहा कि इसके लिए पुरुष को जागरूक होने की जरूरत है। पुरुषों के अंदर जनसंख्या नियंत्रण करने के लिए नसबंदी को लेकर भी काफी डर की स्थिति है। बता दें कि जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर नीतीश कुमार ने कहा था कि जो राज्य जो करना चाहे करें, लेकिन हमारा मानना है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए केवल कानून बनाकर उपाय करेंगे तो यह ठीक से संभव नहीं हो सकता। अगर महिलाएं पढ़ी लिखी होंगी तो उनके अंदर ज्यादा जागृति होगी और प्रजनन दर अपने आप घटेगी, लेकिन उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता रेणु देवी नीतीश कुमार के इस विचार से सहमत नहीं हैं। रेणु देवी ने कहा कि केवल महिलाओं के शिक्षित होने से ही जनसंख्या नियंत्रण संभव नहीं है।



### कार और ट्रक में टक्कर, दो भाई समेत एक ही गांव के पांच लोगों की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में मंगलवार की सुबह बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में दो भाइयों समेत एक ही गांव के पांच लोगों की मौत हो गई है। क्षतिग्रस्त कार को काटकर शवों को निकाला। त्रिलोचन मकड़ा बाईपास के पास मंगलवार की सुबह बारातियों से भरी ब्रेजा और ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। दो सगे भाइयों समेत एक ही गांव के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## मई में थी धमाके की साजिश
## लॉकडाउन के कारण नहीं जुटी भीड़
### अलकायदा के आतंकियों से पूछताछ, अखिलेश मायावती ने उठाये सवाल



**लखनऊ।** यहां पकड़े गये अलकायदा के आतंकियों से पूछताछ जारी है। अब तक जो जानकारी सामने आई है, वो चौंकाने वाली है। पता चला है कि इन आतंकियों के निशाने पर अयोध्या, मथुरा के मंदिर थे। इन्होंने मई के महीने में भीड़ भले इलाकों में धमाके करने की साजिश रची थी, लेकिन कोरोना ने पानी फेर दिया। दरअसल, कोरोना के कारण लॉकडाउन लगाना पड़ा और बाजारों में भीड़ नहीं जुट पाई। यही कारण है कि आतंकियों को ब्लास्ट की प्लानिंग रोकना पड़ी और आगे कुछ कर पाते, इससे पहले धरा गए। पकड़े गए तीन आतंकियों, वसीम, मिनहाज और मसीरुद्दीन के पास से नक्शे भी मिले हैं। इससे पहले 11 जून, रविवार को उस समय पूरे देश में हड़कंप मच गया था, जब यूपी एटीएस ने लखनऊ के काकोरी इलाके में छापा मारा। पूरे प्रकरण पर राजनीति भी तेज हो गई है। मायावती और अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। इनका कहना है कि चुनाव से पहले ही ऐसी साजिशों का खुलासा क्यों होता है? वहीं भाजपा ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर राजनीति नहीं होना चाहिए।

### चार माह बाद सबसे कम केस

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर अब सुस्त पड़ने लगी है। कोरोना संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। देश में बीते 24 घंटे में 31,443 नए कोरोना मरीज मिले हैं और 546 लोगों की संक्रमण के चलते मौत हो गई है। इससे एक दिन पहले यानी सोमवार को 37,154 नए मरीज मिले और 724 लोगों की संक्रमण से जान चली गई थी। कोरोना का कहर कम होने के साथ ही राज्यों में अनलॉक प्रक्रिया जारी है।

## महिला को बंधक बना आठ दिन तक सामूहिक दुष्कर्म



**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम जिले के सोहना इलाके में अनुसूचित जाति की महिला का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी आठ दिन बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। महिला के दोस्त ने धोखे से बुलाकर अपने साथियों के साथ अपहरण कर लिया। नशीला पदार्थ पिलाकर उसे बेहोश किया। आरोप है कि रोज शाम को बेसुध करने का इंजेक्शन लगाते थे। सदर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी देने के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने महिला की मेडिकल जांच कराने के साथ ही अदालत में 164 का बयान दर्ज कराया है। सोहना इलाके की रहने वाली महिला ने सदर सोहना थाना पुलिस को बताया कि 29 जून की शाम को दोस्त चिंटू मिला था। उसने दूसरे दिन सुबह पांच बजे मंदिर के पास बुलाया। उसके बुलाने पर वहां पहुंची। तय समय से पांच मिनट बाद एक सफेद रंग की कार आ कर रूकी। उसमें चिंटू अपने दोस्तों के साथ बैठा था। कार में बैठते ही चिंटू व उसके दोस्त दीपक, कुलदीप व संजू ने उसे पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ पिला दिया। जिससे उसे कुछ याद नहीं है। चारों उसे एक कमरे में ले गए। जहां पर बंधक बना कर रखा। आरोपी उसके साथ रोज वारदात को अंजाम देते थे। साथ ही उसके कंधे में एक इंजेक्शन भी लगा देते थे।

### एमपी में सवाल पर बवाल

**भोपाल।** हाल ही में इसके बीए द्वितीय वर्ष की राजनीति शास्त्र के प्रश्नपत्र में एक ऐसा सवाल पूछा गया, जिसे लेकर प्रदेश की राजनीति में बवाल मच गया है। दरअसल, यह सवाल पाकिस्तान को लेकर है। भोज विवि के बीए द्वितीय वर्ष के राजनीति शास्त्र के पेपर में छात्रों से पूछा गया है कि पाकिस्तान के संविधान की संक्षिप्त विशेषताएं बताएं। कांग्रेस विधायक कुणाल चौधरी ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से पूछा है कि आखिर पाकिस्तान से उन्हें इतना प्रेम क्यों है।

## क्रिस गेल ने टी-20 क्रिकेट में रचा इतिहास



**सेंट लूसिया।** ऑस्ट्रेलिया की टीम इन दिनों वेस्टइंडीज दौरे पर पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेल रही है। श्रृंखला का तीसरा मैच 12 जुलाई को सेंट लूसिया में खेला गया। यह मुकाबला कैरेबियन टीम के तूफानी बल्लेबाज क्रिस गेल के लिए खास रहा। इस मैच में यूनिवर्स बॉस ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेयाई गेंदबाजों की बखिया उधेड़ दी। अपनी पारी के दौरान गेल ने टी-20 क्रिकेट में अनूठा कीर्तिमान रच दिया। वह टी-20 क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। आइए हम आपको बताते हैं कि टी-20 क्रिकेट में अब तक किन बल्लेबाजों ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।





## ऐसा लगा जैसे एक ही पल में सब कुछ खत्म हो गया
### विनाशलीला की आंखों देखी

**धर्मशाला।** पिछले एक माह से पर्यटकों से पैक तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा की नगरी हिमाचल प्रदेश का मैकलोडगंज सोमवार सुबह करीब 7.30 बजे भारी बारिश से हुई तबाही के बाद कुछ ही पल में खाली हो गई। भागसूनाग में सुबह साढ़े 7. 30 नाले में अचानक पानी का तेज बहाव आने के बाद माहौल चीख पुकार में बदल गया। भागसूनाग चौक पर गाड़ियां ताश के पत्तों की तरह बहने लगीं। भागसूनाग शहर का चौक नाले में तबदील हो गया। होटलों में कर्मचारी जान बचाकर शहर से भागने लगे। भागसूनाग में ठहरे जालंधर के पर्यटक होशियार सिंह ने बताया कि तबाही का मंजर बेहद खौफनाक था। भागसूनाग में आई बाढ़ में मेरी इनोवा क्षतिग्रस्त हो गई। मेरा परिवार बेहद परेशान है। प्रशासन हमारी मदद करे। दिल्ली के पर्यटक विकास कुमार ने बताया सुबह साढ़े सात बजे ऐसा लगा कि कुछ ही पल में सब कुछ खत्म हो जाएगा। हम जान बचाकर होटल से भागे।एक होटल के कर्मचारी रोहित ने बताया कि होटल में पानी घुस गया। हम कमरे में कैद हो गए। ऐसा लगा कि अब होटल ही गिर जाएगा, लेकिन जान बच गई। गाड़ियां ताश के पत्तों की तरह बह रही थीं। होटल एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने बताया कि धर्मकोट में नाला बाधित होने की वजह से सारा पानी सड़क पर आ गया जिसने तबाही का मंजर पैदा किया।धर्मशाला उपमंडल के तहत चैतड़ू गांव में खड्ड में आए तेज बहाव में दो दुकानें और चार मकान बह गए।



## गड़बड़ है ! जिलों से जानकारी आई तो मध्यप्रदेश में 1478 बढ़ा मौत का आंकड़ा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना से होने वाली 1478 मौतों का अभी तक हिसाब ही नहीं था। श्मशान घाटों में पहुंचने वाले शवों की संख्या सरकारी रिकार्ड में दिखाई जा रही मौतों से काफी ज्यादा थी। सवाल खड़े हुए तो जिलों से जानकारी जुटाकर सोमवार को इन मौतों को जोड़ा गया है। इस तरह अब प्रदेश में कोरोना से मरने वालों का कुल आंकड़ा 10,506 हो गया है। मौत के नए आंकड़ों में निजी अस्पतालों की 762, सरकारी अस्पतालों की 508 और होम आइसोलेशन की 208 मौतों को जोड़ा गया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि इतनी मौतों की जानकारी अभी तक कैसे छुपी रह गईं। खासतौर पर होम आइसोलेशन में मौत होना व्यवस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह है कि यह मरीज अस्पताल में ही भर्ती नहीं हो पाए।

## कैलवारा में किया गया भगवान जगन्नाथ जी का पूजन अर्चन




कटनी। जगन्नाथ रथ यात्रा के पावन अवसर पर ग्राम कैलवारा में भगवान जगन्नाथ का पूजन अर्चन किया गया। बद्री प्रपन्नाचार्य स्वामी आचार्य आश्रम चित्रकूटधाम इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों ने धर्म लाभ प्राप्त किया।

**धूमधाम से मनाया गया रथयात्रा महोत्सव, कोरोना संक्रमण के चलते नहीं निकाली गई रथयात्रा, श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना, प्रसाद वितरित**

# जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ..




**कटनी।** कोरोना संक्रमण के चलते लगातार दूसरे साल भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की रथयात्रा नहीं निकाली जा सकी। कल 12 जुलाई को रथयात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में जगन्नाथ चौक स्थित श्री जगदीश स्वामी मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना और प्रसाद वितरण किया गया। आषाढ़ मास की द्वितीया तिथि पर सोमवार को शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा महोत्सव के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री जगदीश स्वामी मंदिर में भगवान जगन्नाथ स्वामीजी, बलभद्र एवं सुभद्राजी को परंपरानुसार मंदिर परिसर में रथों पर विराजमान किया गया। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पूजन अर्चन करने पहुंचे। विधि विधान से श्रृंगार के बाद प्रभु को छप्पन भोग अर्पित किए गए। दिन भर शहर के प्रमुख जगन्नाथ चौक मंदिर, कैलवारा खुर्द महाप्रभु मंदिर एवं ऑर्डिनेंस फैक्ट्री स्टेट के राममंदिर में श्रद्धालु दर्शनों के लिए कतारबद्ध रहे। मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं से राज्य सरकार की गाइडलाइन अनुसार पूजन अर्चन एवं दर्शन करने की अपेक्षा की गई थी। जगन्नाथ चौक के डेढ़ सौ वर्ष पुराने श्रीजगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों के अनुसार कोरोना गाइड लाइन के कारण रथयात्रा का नगर भ्रमण नहीं हुआ। सुबह मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्राजी का दिव्य अभिषेक एवं वस्त्रों को सरावगी परिवार द्वारा समर्पित किया गया। सुबह आरती के बादं मंदिर के पट खुले और श्रद्धालुओं ने आरती के साथ सभी ने सुख समृद्धि की कामना की। प्रभु को लगाए गए भोग का महाप्रसाद पाकर श्रद्धालु धन्य हुए। संध्या में आरती पूजन के बाद गर्भ गृह से भगवान को सुसज्जित रथ में विराजमान किया गया। इस अवसर पर जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी, सचिव शिव सोनी, संयोजक विजय ठाकुर, भोलू ठाकुर, पुजारी चंद्रिका दुबे, आशीष गुप्ता, रवि खरे, मनीष दुबे, शिल्पी सोनी, संगीता जायसवाल, मृदुल द्विवेदी, विजय पटेल, शिशिर टुडहा, संजय गिरी, नीरज चौदहा, भरत गुप्ता, मूलचंद नामदेव, राजेश तिवारी, बल्ली सोनी, प्रकाश गुप्ता, दीपक टंडन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजनों, व्यापारी एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कमेटी सदस्यों के अनुसार भगवान श्री शुक्ल पक्ष की दसवीं तिथि को वापस गर्भ गृह में विराजमान होंगे।



# बड़ारी के भुवनेश्वर कैलाशधाम में शुरु हुई रामकथा की अमृत वर्षा

**कैमोर।** चित्रकूट आचार्य आश्रम के पूज्य गुरूदेव बदरीप्रपन्नाचार्य महाराज के सानिध्य में गत 11 जुलाई से श्रीराम कथा प्रारंभ हो गई है जो 19 जुलाई तक चलेगी। श्रीराम कथा के प्रथम दिवस पूर्व जिला पंचायत स्वर्गीय भुवनेश्वर प्रसाद दीक्षित के निज निवास से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। आचार्य श्री बदरीप्रपन्नाचार्य महाराज ने प्रथम दिवस की कथा में गुरु महिमा और तुलसीदास चरित्र का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए रामायण एवं महाभारत ग्रंथों के बारे में जानकारी दी। महाराज जी ने कहा कि प्रभु श्रीराम की पावन कथा सुनने से मन के सभी विकार दूर हो जाते हैं। यह मन का मैल धोने का साबुन हैए जिससे मनुष्य की वाणी से लेकर अंतरू करण तक सब कुछ पवित्र हो जाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आयोजक ज्ञान दत्त दीक्षित, सुशील शास्त्री, सुनील दीक्षित, राजू तिवारी, संता विश्वकर्मा, मोनू खेरा, शैलैद्र गुप्ता, योगेश दीक्षित, लकी तिवारी, पंकज तिवारी, रोशन दीक्षित सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

## पूज्य गुरुदेव ने किया है आश्रम का नामकरण



ग्राम बडॉरी में पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व गुडडू दीक्षित की स्मृति में उनके अनुज ज्ञान दीक्षित द्वारा हनुमान मंदिरएशिव मंदिर एवं धर्मशाला का निर्माण कराया गया है। चित्रकूट आचार्य आश्रम के पूज्य गुरुदेव बद्रीप्रपन्नाचार्य ने इस आश्रम का नामकरण करते हुए इसका नाम स्व गुड्डू दीक्षित के नाम पर भुवनेश्वर कैलाश धाम रखा है। गुरुदेव के श्रीमुख से यहीं 11 जुलाई से रामकथा प्रारंभ हुई है। 14 जुलाई को यहां ब्राह्मण बालकों के उपनयन संस्कार होगा और 15 जुलाई को हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस आश्रम का निर्माण पूज्य गुरुदेव बद्रीप्रपन्नाचार्य महाराज एवं विजयराघवगढ़ छेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के मार्गदर्शन में किया गया है।

## नीलकंठेश्वर भक्तिधाम में अखंड मानस पाठ 24 से

**कटनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नीलकंठेश्वर भक्तिधाम में अखंड मानस पाठ का आयोजन आगामी 24 जुलाई से 12 जनवरी 2022 तक एवं अखंड कीर्तन 13 जनवरी 2022 (मार्च) महाशिवरात्रि तक किया गया है। कोरोना महामारी को दृष्टिगत रखते हुए ये धार्मिक आयोजन राष्ट्र कल्याण को लेकर किया जा रहा है। आयोजन समिति के मदनलाल ग्रोवर नीलकंठेश्वर भक्तिधाम ने समस्त श्रद्धालुओं से धार्मिक कार्यक्रमों मं पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

# गौमाता उपचार केंद्र, मिलन ब्लड डोनर, कटनी ब्लड डोनर सोसायटी सम्मानित



**कटनी।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद महिला इकाई जिला कटनी द्वारा गोकुल विद्या स्कूल झिंझरी में गौमाता उपचार केंद्र, मिलन ब्लड डोनर, कटनी ब्लड डोनर सोसायटी को सम्मानित किया गया। महिला इकाई द्वारा शहर में समाज सेवा के क्षेत्र और कोरोना काल में दी गई सेवाओं के लिए अलग-अलग वर्ग से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को शहर में निशुल्क सेवाएं दे रहे गौमाता उपचार केंद्र, मिलन ब्लड डोनर, कटनी ब्लड डोनर सोसाइटी को सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष रेखा अंजू तिवारी ने बताया कि जरूरत के समय एक दूसरे के काम आना सच्ची मानवता है और कटनी शहर में ऐसे लोगों की कमी नहीं है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। गौमाता उपचार केंद्र के सदस्य शहर की सड़कों पर जख्मी हालत में पड़े मूक मवेशियों को उपचार सुविधा उपलब्ध कराते हैं। जरूर जरूरत पड़ने पर मौके पर जाकर भी उपचार करते हैं। वही मिलन ब्लड डोनर एवं कटनी ब्लड डोनर सोसाइटी के सदस्य शायद ही कोई दिन ऐसा खाली जाता हो जब जरूरतमंदों को ब्लड उपलब्ध न करवाते हो। जैसे ही किसी जरूरतमंद को ब्लड की आवश्यकता होने की सूचना मिलती है मरीज के परिजनों से संपर्क करते हैं। यह सिलसिला पिछले कई वर्षों से अनवरत जारी है। इतना ही नहीं शिविर लगाकर ब्लड बैंक में ब्लड जमा करवाया जाता है ताकि जरूरत पर किसी मरीज के काम आ सके। समाजसेवी रेखा अंजू तिवारी, ममता प्यासी, ममता गर्ग सहित बड़ी संख्या में महिलाएं समाजसेवियों को सम्मानित करने का काम कर रही हैं। सम्मानित होने वालों में सतीश सोनी गौमाता उपचार केंद्र, रौनक खंडेलवाल मिलन ब्लड डोनर से मनोज द्विवेदी कटनी ब्लड डोनर, अभिनव सोनी, कृष्णा सोनी, दिलीप पप्पू सोनी, अभय सोनी, शुभम शर्मा, सौरभ समानता, डिम्पल रजक, महिमा ठाकुर, मंजू शर्मा, सोनिया शर्मा, आशीष शर्मा, आरती श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# आवारा विचरण करते पाए जाने पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही




**कटनी।** नगर के मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गो की सुगम यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम की हांका गेंग के सदस्यों द्वारा नगर के सार्वजनिक स्थलों में आवारा रूप से विचरण कर यातायात को प्रभावित करनें एवं गंदगी फैलानें वाले मवेशियों को पकडनें की कार्यवाही की जा रही है।

प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक तेजभान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था एवं अवारा मवेशियों के विचरण पर प्रतिबंध के उद्धेश्य से नगर के मुख्य मार्गो खिरहनी ओव्हर ब्रिज के नीचे, गर्ग चौराहा सहित अन्य स्थलों में आवारा विचरण करते पाये जानें पर 6 मवेशियों को निगम की हांकां गेंग के माध्यम से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाकर वाहनों के माध्यम से आबादी वाले क्षेत्र से दूर छोडनें की कार्यवाही की गई।

**श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
**डॉ. बलदेव सिंह**
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ


प्रतिदिन उपलब्ध
**डॉ. गगन सोनी**
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरूवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग — हेल्पलाईन नं.8982275111 — उपलब्ध सुविधायें
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था

# अब ऑनलाइन मिलेंगे स्वसहायता समूहों के उत्पाद




**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित स्वसहायता समूह के सदस्यों द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पाद अब ऑनलाइन विक्रय के लिये भी उपलब्ध है। गरीब परिवारों की आजीविका बढाने हेतु स्वसहायता समूहों को विभिन्न गतिविधियों मे जोड़ा गया है एवं सदस्यो द्वारा कई प्रकार के उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं। इन तैयार उत्पादों को अभी तक स्थानीय स्तर पर ही प्रचार प्रसार कर विक्रय किया जा रहा था। अब स्वसहायता समूह द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पाद ऑनलाईन भी विक्रय के लिये उपलब्ध हो चुके हैं। जिसमें इन समूहों के माध्यम से तैयार किये गये मसाले, हर्बल साबुन, सेनेटरी नैपकीन, बैग, दोना पत्तल, कुशन, गुलदस्ते, हैण्डवाश, मास्क के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की कलाकृति पीओपी एवं पत्थर की मूर्तिया भी ऑनलाइन उपलब्ध है। ऑनलाईन विक्रय के लिये मैप आई टी भोपाल द्वारा नाम से पोर्टल तैयार किया गया है। जिसमें जिले से 22 प्रोडक्ट विक्रय हेतु उपलब्ध है। इन उत्पादों के ऑनलाईन विक्रय में कोरोना के संक्रमण के दौरान तेजी आई है। इन उत्पादों के ऑनलाइन क्रय हेतु अन्य ई-कामर्स वेब पोर्टल की तरह ही क्रेता द्वारा पोर्टल पर पंजीयन करा सकते हैं। जिसके पश्चात वह अपनी आवश्यकतानुसार स्वसहायता समूह को प्रोडक्ट हेतु अपनी मांग, दर्ज करा सकते हैं। इस प्रक्रिया में स्वसहायता समूह द्वारा क्रेता से संपर्क कर प्रोडक्ट को निर्धारित स्थान पर डिलेवर कराया जाता है। पोर्टल मे उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। स्वसहायता समूह द्वारा तैयार उत्पाद अन्य कंपनियो द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पाद की भांति ही उच्च गुणवत्ता युक्त है और इनकी कीमत भी बाजार मे उपलब्ध अन्य उत्पाद से कम है। पोर्टल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन पंजीयन कर उत्पाद क्रय कर सकता है। पोर्टल पर उत्पादो के विक्रय हेतु नित्य नये प्रोडक्ट अपलोड किये जा रहे हैं। अभी तक स्वसहायता समूहो द्वारा लगभग 1,20,000 रूपये के उत्पाद विक्रय किये जा चुके है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 13 जुलाई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# दूसरी लहर में बिछड़े लोकसेवकों का पुण्य स्मरण

### विभागीय गतिविधियों व कार्यों की समीक्षा, मास्क नहीं पहनने वालों पर प्रतिदिन करें कार्यवाही

### कलेक्टर ने कहा : हम प्रशासकीय प्रबंधन के लोग, रुकने और थमने का समय नहीं



**कटनी।** सोमवार को समय सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सर्व कार्यालय प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही समय सीमा के प्रकरणों, सीएम हेल्पलाईन और पीजीआर के लंबित प्रकरणों का निराकरण त्वरित रुप से करने के लिये निर्देशित किया। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कोरोना की दूसरी लहर के दौरान लोकसेवकों द्वारा जिम्मेदारी के निर्वहन निष्ठा के साथ करने पर बधाई प्रेषित की। साथ ही ऐसे लोकसेवक, जो इस संक्रामक बीमारी के कारण हमारे बीच नहीं रहे, उनका भी पुण्य स्मरण किया।

टीएल बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग के रुटीन कार्य में मुस्तैदी से जुटने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि हम प्रशासकीय प्रबंधन के लोग हैं। हमें रुकने और थमने का समय नहीं है। श्री मिश्रा ने ई-ऑफिस प्रणाली को अपनाने के विषय में भी संबंधितों को निर्देशित किया। बैठक में कोविड-19 वेक्सीनेशन का रिव्यू करते हुये हाई रिस्क जोन के लोगों का टीकाकरण कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। उन्होने कहा कि उच्च जोखिम वर्ग के लोगों के लिये विशेष कैम्प का आयोजन भी करें। जिले में कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन सुनिश्चित कराने के लिये भी सभी एसडीएम और संबंधितों को श्री मिश्रा ने निर्देशित किया। उन्होने कहा कि बिना मास्क पर प्रतिदिन कार्यवाही करें। इसमें ढील ना बरती जाये। कोविड अनुकंपा नियुक्ति योजना के तहत प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता पर निराकृत करने के आदेश भी समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिये। उन्होने कहा कि इस कार्य में कोताही हरगिज बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### डिस्ट्रिक्ट टूरिज्म प्रमोशन काउंसिंल बोर्ड की बैठक कराएं

आत्म निर्भर मध्यप्रदेश को लेकर राजस्व बढ़ाने वाले विभागों को अपनी कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिये। डिस्ट्रिक्ट टूरिज्म प्रमोशन काउंसिंल बोर्ड की बैठक आयोजित कराने की बात भी समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कही। जिले में लैण्ड बैंक तैयार करने के निर्देश भी संबंधितों को कलेक्टर ने दिये। टाईम लिमिट की बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशु पालन, नान, मार्कफेड, नगर निगम, अंकुर कार्यक्रम का रिव्यू भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने किया। साथ ही संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी उन्होने दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पा, नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद रहे।

### सुरक्षा की दृष्टि से फायर सेफ्टी का मेन्युअल तैयार करें

जिला अस्पताल में हो रहे निर्माण कार्यों का काम शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये। उन्होने कहा कि मेडिकल ऑक्सीजन प्लान्ट की सुरक्षा की दृष्टि से फायर सेफ्टी का मेन्युअल तैयार कर उसका पालन सुनिश्चित करें। मेडिकल ऑक्सीजन प्लान्ट के संचालन को लेकर इसके प्रबंधन व प्रशिक्षण करवायें। फायर सेफ्टी का काम महत्वपूर्ण है। प्लान्ट के हर पहलू का प्रशिक्षण ऑपरेटर करने वालों को कराया जाये। कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में होने वाले निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने और तेजी से काम कराते हुये पूरा कराने के निर्देश भी बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण विकास विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों को दिये। डीएमएफका एन्युअल प्लान बनाने, हाई कोर्ट में आने वाले प्रकरणों का जवाब समय सीमा पर भेजने, डीएमएफन्यास मण्डल की बैठक आयोजित कराने, डीएमएफसे हो रहे निर्माण कार्यों की वर्किंग एजेन्सी द्वारा फोटोग्राफके साथ प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश टाईम लिमिट की बैठक में संबंधितों को कलेक्टर ने दिये। राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना का रिव्यू भी कलेक्टर ने किया। उन्होने कहा कि जिन आठ गांवों के नक्शे तैयार हो गये हैं, एसडीएम, तहसीलदार वहां का विजिट कर दावे आपत्तियां देख लें। साथ ही इस योजना के तहत तेजी से कार्य किया जाये। प्रधानमंत्री आवास के लिये पात्र लोगों को पट्टा प्रदान करने के विषय में स्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिये भी कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित किया। जल जीवन मिशन के तहत जिले में हो रहे कार्यों को गुणवत्तायुक्त कराने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। उन्होने कहा कि फील्ड से संबंधित सभी विभागों के अधिकारी अपने फील्ड विजिट के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यों को भी देखें।



## निबंध प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

**कटनी।** कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर में स्वच्छता की अलख जगानें हेतु रोजाना विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नगारिकों में स्वच्छता की अलख जगाई जा रही है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता गतिविधियों के तहत विगत दिवस निगम की सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा विगत दिवस डॉ जाकिर हुसैन वार्ड स्थित आंगनबाडी केन्द्र में निबंध/स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागी बच्चों से स्वच्छता संबंधी विचार लिये जाकर स्वच्छता गतिविधियों से अवगत कराया जाकर उपहार स्वरूप पेन,पेंसिल एवं टॉफिओं का वितरण किया गया। कावस जी वार्ड स्थित जयहिंद चौक में नुक्कड नाटक के माध्यम से सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत सेप्टिक टेंक और सीवर की सुरक्षित सफाई के चार नियमों नियमित सफाई एवं अनुरक्षण, अधिकतम यंत्रीकरण, निर्धारित नियमों और प्रणाली का पालन एवं सुरक्षा उपकरण की जानकारी से आमजनों को अवगत कराते हुए सेप्टिक टैंक की सुरक्षित सफाई करानें की जानकारी प्रदान की जाकर असुरक्षित सफाई होते पाये जानें की सूचना टोल फ्री नंबर 14420 पर देनें की अपील की गई।



## 31 तक जमा होंगे गहोई समाज की छात्रवृत्ति के आवेदन

**कटनी।** गहोई समाज के आर्थिक सहायता योग्य छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक प्रगति पथ पर ले जाने के उदेश्य से गहोई वैश्य पंचायती सत्संग भवन ट्रस्ट द्वारा संचालित गहोई छात्रवृत्ति सहायता योजना में छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्र 31 जुलाई 2021 तक स्थानीय लक्ष्मीनारायण मंदिर समीप ट्रस्ट कार्यालय में आमंत्रित किये गये है जिसमें कक्षा 5 वी से विद्यालय,विष्वविद्यालय स्तर तक के स्वजातीय छात्र-छात्रायें आवेदन कर सकेगें,जिन्हें वार्षिक सहायता स्वीकृत कर छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। ट्रस्ट कमेटी ने सभी गहोई बन्धुओं से आग्रह किया है कि ऐसे जरुरमंद विद्यार्थियों को लाभांवित कराने में सहभागिता प्रदान करें ।

## 20 तक जमा होंगे पात्रोपाधि पाठ्यक्रम के परीक्षा आवेदन

**कटनी।** मध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा प्रारंभिक शिक्षा में पात्रोपाधि पाठ्यक्रम (डीईएलईएड) परीक्षा नियमित प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत परीक्षार्थियों के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 10 जुलाई से बढ़ाकर 20 जुलाई कर दी गई है।

# टारगेट पूरा करने कर्मचारियों को किया जा रहा प्रताड़ित

### आत्महत्या की घटनाओं से कर्मचारी आक्रोशित, द्वारका भवन में प्रदर्शन, एक दिवसीय हड़ताल






**कटनी।** राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं में टारगेट की पूर्ति हेतु विभिन्न स्तरों से कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। हितग्राहियों के कार्य में रूचि नहीं लेने एवं लक्ष्य पूर्ति नहीं होने पर मानसिक प्रताड़ना की वजह से अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जाकर घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। लगातार 2 आत्महत्या की घटनाओं से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इन घटनाओं से धार सहित सभी जिलो में कर्मचारी आंदोलनरत हैं। इन परिस्थितियों में भी प्रशासन संवेदना तो दूर संज्ञान भी नहीं ले रहा है, जबकि उचित माध्यम से ध्यानाकर्षण कराया जा चुका है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत सीईओ जनपद संघ, सचिव संघ, ग्राम रोजगार संघ, डिप्लोमा इंजीनियर एसोशिएशन, ग्रामीण विकास विभाग अभियंता संघ, एमपीआरआरडीए संघ, पीएमएवाय संघ, एसबीएम संघ, पीसीओ संघ ने कल 12 जुलाई को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर द्वारका भवन में प्रदर्शन करते हुए शासन प्रशासन को आगाह किया कि एक सप्ताह में मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो संपूर्ण अमला अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएगा। वर्तमान परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुये ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत सभी योजनाओं व नियमित कर्मचारियों का संयुक्त मोर्चा बनाया गया है, जिसमें सीईओ संघ, मनरेगा संघ, सचिव संघ, रोजगार सहायक संघ, एनआरएलएम संघ, एसबीएम संघ, डिप्लोमा संघ, मप्र विभागीय समिति, मनरेगा संघ, पीसीओ संघ, जिला जनपद अधिकारी कर्मचारी संघ के अनुवांशिक घटक शामिल है, जिसके प्रदेश पदाधिकारियों ने मिलकर सामूहिक अवकाश लेते हुये कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सचेत किया गया है कि यदि एक सप्ताह में सरकार द्वारा वार्ता नहीं की गई अथवा न्यायोचित मांगों पर यथाशीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो कर्मचारी अधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

**ज्ञापन सौपंकर कहा : मांगें पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे कर्मचारी**

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर प्रदीप सिंह सीईओ जनपद पंचायत रीठी, राजेश नरेन्द्र सिंह सीईओ जनपद पंचायत कटनी, ज्ञानेन्द्र सिंह, मृगेन्द्र सिंह, आशुतोष खरे, राजीव चौदहा, धनराज सिंह, रामसुजान द्विवेदी, नरेश राठौर, आरिफ मोहम्मद, नरेन्द्र रूपेरिया, जी किसपोट्टा, डॉ अजीत सिंह अध्यक्ष संविदा अधिकारी कर्मचारी संघ, संजय खरे, वर्षा जैन, रविशंकर तिवारी अध्यक्ष सचिव संघ, शिव मोहन सिंह बघेल जिलाध्यक्ष ग्राम रोजगार सहायक संघ, सुनील दाहिया जनपद अध्यक्ष ग्राम रोजगार सहायक संघ, अवधेश दाहिया पीसीओ जग्गी पटेल, उपाध्यक्ष संविदा अधिकारी कर्मचारी संघ, चंद्र भूषण चौबे, सीमा सिंह, श्वेता बरसैंया, सपन चतुर्वेदी, लक्ष्मण बुनकर, अमित सेन गुप्ता, विजयराघवगढ़, अंकित श्रीवास्तव, दिनेश कुमार गोस्वामी, श्रीमति संतोष पाठक, मनीष हल्दकार, जगदीश भदौरियां, आर के तिवारी, अनुरूद्ध परौहा, रामचन्द्र गुप्ता, इकबाल खान, नीलेष शुक्ला, ओमप्रकाश गुप्ता, नारायण पटेल, मनोज परौहा आदि उपस्थित रहे।

## अभा ब्राह्मण एकता परिषद ने किया महिलाओं का सम्मान



**कटनी।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के तहत बेटियों का सम्मान किया गया। आज गुरुकुल विद्या मंदिर झिझरी में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत समाज में जुड़े समाजसेवियों का भी सम्मान किया गया। गौ सेवा समिति, ब्लड डोनर समिति एवं नशा मुक्ति समिति के सदस्यों का भी सम्मान किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की महिलाओं का भी सम्मानित पदाधिकारियों का भी स्वागत सम्मान किया गया।

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**



## बेतरतीब चैम्बर से लोग हो रहे घायल

**कटनी।** कोतवाली थाना के मिशन चौक से आजाद चौक जाने वाले मार्ग पर बेतरतीब तरीके से बनाए गए चैम्बर से आए दिन वाहन चालक गिर रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय निवासी जावेद अहमद द्वारा भ सीएम हेल्पलाइन में भी एक माह पहले शिकायत ने की गई थी, लेकिन उस स्थान पर सीवर चैम्बर में के आसपास मिट्टी डालकर उनके मोबाइल पर समस्या निराकरण का मैसेज भेजा गया है ।

स्थानीय लोगों के अनुसार मिशन चौक नगीना मस्जिद के सामने वाली लाइन में बनाई गई आधी सड़क और चैम्बर की उंचाई में असामानता है। ऐसे में भविष्य में बनने वाली सड़क पर भी परेशानी बनी रहेगी। चैम्बर के आसपास मिटटी-डालकर छिपाई गई कमी से यहां पानी भरने की भी समस्या पैदा हो रही है । बारिश में यहां कीचड़ से समस्या और भी बढ़ेगी। लोगों ने नगर निगम से ध्यान देने की अपेक्षा की है।

# सफाई व्यवस्था पर रखा जा रहा ध्यान

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था एवं संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु रोजाना मुख्य एवं अन्य मार्गो सहित नगर के मुख्य मार्गो के डिवाईडररें ,बडे एवं छोटे नाले नालियों की सफाई , डस्टबिन एवं कन्टेनर की सफाई , डोर टू डोर कचरे का संग्रहण सहित विभिन्न स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव कार्य कराया जा रहा है। नगर की सफाई व्यवस्था के तहत स्वच्छता निरीक्षकों एवं वार्ड दरोगाओं की उपस्थिति में स्वच्छता दूतों द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों पन्ना मोड, बस स्टेण्ड परिसर, चांडक चौक कटनी नदी पुल के ऊपर, मिशन चौक, गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड में जगन्नाथ मंदिर के साफसफाई एवं चूने की लाईनिंग तथा कीटनाशक दवा का छिड़काव, जालपा देवी वार्ड रावत गली सहित नगर के विभिन्न वार्डों में डोर टू डोर कचरे के संग्रहण, राजीव गांधी वार्ड ओव्हर ब्रिज मार्ग, विवेकानंद वार्ड में चर्च के पास गाजर घांस की कटाई सहित मुख्य मार्गो के डिवाईडरों के दौनों ओर घूल मिट्टी की सफाई हेतु पन्ना मोड से गौशाला एवं सब्जी मंडी पुल तक, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, द्वारका सिटी गेट के पास के डिवाईडर की सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नगर के नाले एवं नालियों की सफाई की जाकर सुगमतापूर्वक पानी निकासी की व्यवस्था के तहत जालपा देवी वार्ड स्थित नामदेव बस्ती में नालियों की सफाई चांडक चौक स्थित मोहनघाट की नालियों कीसफाई गर्ग चौराहा से ओव्हर ब्रिज तक के मुख्य मार्ग के नाले, थाना तिराहा से स्टेट बेंक तक नालियों के कचरे के उठाव, सी.एल.पी. पाठक वार्ड में मुसलमान बस्ती की नालियों, विवेकानंद वार्ड के विभिन्न स्थलों के नाले नलियों, फारेस्टर वार्ड मलिन वंशकार बस्ती में दुर्गा मंदिर रोड के नाले, रामकृष्ण परमहंस वार्ड की विभिन्न स्थलों की नालियों, हाउसिंग बोर्ड के बडे नाले, जे.सी.बी मशीन के माध्यम से बधंन बैक के सामने नाले, डोमिनोस के सामनें की सफाई माधव नगर स्थित अशोक नर्सरी के बाजू से नाला सफाई उपरान्त निकले अपशिष्ट की उठाव कार्य सहिज नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नलियों की सफाई का कार्य कराया गया।



mgm HOSPITAL We Care with Care

**एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

**त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ**

**डॉ. हितेश लोकवानी**

एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 14/07/2021 एवं 28/07/2021 दिन बुधवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना।

माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

**मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ**

**डॉ. हर्ष सक्सेना**

डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक 18/07/2021 दिन रविवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**

सिर एवं रीढ़ की चोटें, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हेम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.बी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो सम्बन्धी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं पुर्नवास।

माह के दूसरे रविवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।

**पता- एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के पास कचहरी चौक, कटनी, फोन- 07622-405070,71,72**

# टीका लगवाने ग्रामीण केन्द्रों में उमड़ रही भीड़

## अमेहटा महगांव में शनिवार को टूटा रिकार्ड, 15 जुलाई से फिर शुरू होगा अभियान





**कैमोर।** जिले के अन्य केन्द्रों के साथ-साथ आज सोमवार 12 जुलाई से विजयराघवगढ़ क्षेत्र के कैमोर, अमेहटा महगांव, बड़ारी ग्रामीण अंचलों में संचालित टीकाकरण केन्द्रों में भी 2-3 दिन के लिए कोरोना रोधी टीके लगने का काम फिलहाल रोक दिया गया है। 15 जुलाई के बाद से पुनः सभी केन्द्रों में टीकाकरण का कार्य प्रारंभ होगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को भी वैक्सीनेशन के लिए स्वीकृति दे दिए जाने के बाद अब गर्भवती महिलाएं भी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में टीके लगवा सकेंगी। कैमोर क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों में पिछले सप्ताह 3 दिन वैक्सीनेशन का कार्य किया गया। आखिरी दिन शनिवार को सभी केन्द्रों में लक्ष्य से अधिक लोगों को कोरोना के टीके लगाए गए। टीकाकरण के इस महाअभियान को सफल बनाने जहां स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पूरी मेहनत से जुटे हैं वहीं स्थानीय औद्योगिक संस्थान एवं समाजसेवी संस्थाएं भी लोगों को टीके लगवाने के लिए प्रेरित कर रहे। सम्मिलित प्रयासों का ही यह नतीजा है कि ग्रामीण एवं सुदूर अंचलों में स्थित केन्द्रों में भी भारी संख्या में लोग टीका लगवाने केन्द्रों तक पहुंच रहे। एसीसी सीमेंट वर्क्स कैमोर के डायरेक्टर प्लांट के.आर. रेड्डी एवं महाप्रबंधक एच.आर. एच.पी.सिंह के निर्देशन में एसीसी ट्रस्ट की टीम द्वारा महगांव, अमेहटा, बड़ारी आदि क्षेत्रों में महिलाओं एवं पुरूषों को टीके का महत्व समझाया जा रहा साथ ही उन्हें केन्द्रों तक पहुंचाने में हर संभव सहायता की जा रही। सभी ग्रामीण क्षेत्रों के केन्द्रों में लोगों को आकर्षित करने के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं जहां टीका लगवाने के बाद ग्रामीण युवा उत्साह से सेल्फी ले रहे हैं। एसीसी के सीएसआर विभाग की मुखिया एनेट विश्वास के साथ उनकी पूरी टीम इस कार्य को सफल बनाने में अपना पूरा योगदान दे रही। ग्रामीण क्षेत्रों में सीएसआर टीम द्वारा निरंतर प्रचार एवं संपर्क अभियान चलाया जा रहा। इस अभियान का ही असर था कि शनिवार को अमेहटा के टीकाकरण केन्द्र में भारी भीड़ उमड़ी यहां एक दिन में केवल शनिवार को ही 583 लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगाई गई। ग्रामीणों के उत्साह को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब ग्रामीण केन्द्रों को टीके की पर्याप्त डोज उपलब्ध कराई जा रही। लोगों को पहली और दूसरी डोज भी उपलब्ध है। शनिवार को अमेहटा में 522 लोगों ने वैक्सीन की पहली डोल ली वहीं 61 लोगों को 84 दिन बाद दी जाने वाली दूसरी डोज लगाई गई। इनमें 18 से 44 वर्ष के 304 युवा थे तो वहीं 45 से 60 के बीच के 200 लोगों को टीके लगाए गए। 60 वर्ष से अधिक की उम्र के 79 लोगों को टीके लगे। संपूर्ण टीकाकरण मास्क वितरण एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए किया गया। इस कार्य में पंचायत प्रतिनिधियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी पूरा सहयोग किया। विजयराघवगढ़ के ब्लॉक मेडीकल ऑफीसर डॉ. विनोद, सीएसआर हेड एनेट विश्वास, पीयूषलाल , ओमप्रकाश, अमित सोनी, अनूप श्रीवास, वंदना डेविड, निहारिका मिश्रा, मनोज रजक एवं मनोरमा का टीकाकरण कार्य में पूर्ण सहयोग रहा। अमेहटा के अलावा महगांव एवं बड़ारी के केन्द्रों में भी टीकाकरण का नया कीर्तिमान बनाया गया।

## शरद जैन बने जैन मिलन संस्था के अध्यक्ष

**कटनी।** स्थानीय जैन मिलन कटनी शाखा में पदाधिकारियों का मनोनयन करते हुए अध्यक्ष वीर शरद जैन, उपाध्यक्ष वीर समीर जैन, मनु भैया एवं वीर संचित जैन मंत्री वीर मयूर जैन, कोषाध्यक्ष वीर रजत जैन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजन मंत्री वीर राजकुमार जैन को बनाया गया है।वीर संचित जैन मीडिया प्रभारी के दायित्व का निर्वहन नहीं करेंगे। कटनी शाखा के लिए गौरव की बात है कि वीर सुनील कुमार जैन ट्रांसपोर्ट एवं वीर जी राकेश कुमार जैन रेलवे को क्षेत्रीय संयोजक बनाते हुए उन्हें क्रमशः कटनी एवं जबलपुर जिले का शाखा विस्तार प्रभारी बनाया गया है। इससे कटनी एवं जबलपुर जिले में शीघ्र ही नई शाखाएं खोलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। भारतीय जैन मिलन जैन धर्म की विभिन्न आमनाओं को लेकर चलने वाली संस्था है जिसका उद्देश्य सर्वेशु मैत्री है। अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतु मित्रता लगन एवं नम्रता के साथ समाज में सौंदर्य बनाए का प्रयास करना है। भारतीय जैन मिलन द्वारा सरधना जिला मेरठ उत्तर प्रदेश में एक अस्पताल संचालित है।



## ओपन जिम में बढ़ने लगी रौनक

### फिटनेस रखने वालों की सुबह-शाम लग रही भीड़

**कटनी।** फारेस्टर प्ले ग्राउंड में शुरू हुई ओपन जिम का सभी वर्ग के लोग भरपूर लाभ ले रहे हैं। वैसे भी बारिश के मौसम में जहां एक ओर खूबसूरत प्राकृतिक नजारे देखने को मिलते हैं, वहीं दूसरी ओर खुले आसमान के नीचे वर्कआउट करने का आनंद अद्भुत होता है। कोरोना के दौरान लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति बेहद सजग हो गए हैं। सुबह जल्दी उठना और फिर व्यायाम करना लोगों की दिनचर्या में शामिल हो गया है। अब जब शहर अनलॉक हो गया है और कोरोना का संक्रमण कम हो गया है तब लोग ओपन जिम की ओर रुख कर रहे हैं। यहां पर उन्हें प्रकृति के करीब आने का मौका मिल रहा है। सुबह की ताजी हवा और वर्कआउट कर अपनी फिटनेस का खास ध्यान रख रहे हैं। फारेस्टर प्ले ग्राउंड में ओपन जिम शुरू होने के बाद यहां पर लोगों का आना शुरू हो गया है जिससे यहां की रौनक बढ़ गई है।



### बच्चे भी लेते हैं ओपन जिम का मजा

स्कूल अभी भी बंद हैं। जिससे बच्चे भी अपने अभिभावकों के साथ वॉक करते हैं। फारेस्टर प्ले ग्राउंड में एक किनारे बने ओपन जिम में बच्चे भी विभिन्न इंस्टूमेंट पर खेल करते हुए दिखाई देते हैं। इससे वे भी इस दौरान व्यायाम करना सीखते हैं। लोग यहां पर एक से डेढ़ घंटे का वक्त बिताते हैं। जो उनकी सेहत में काफी असर कर रहा है। ओपन जिम दिन प्रतिदिन लोगों के बीच लोकप्रिय होती जा रही है। यहां पर आने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ रही है।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध

**कटनी।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 की संशोधित तिथि जारी की गई है। आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एमपी पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा अब रविवार 25 जुलाई 2021 को आयोजित होगी। प्रारंभिक परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। सामान्य अध्ययन का प्रथम प्रश्न पत्र का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा सामान्य अभिरूचि परीक्षण का द्वितीय प्रश्न पत्र अपरान्ह 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक होगा। इस परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र 12 जुलाई से आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे। यदि उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाला कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा के पूर्व कोविड संक्रमित हो जाता है तो उन्हें इसकी जानकारी संबंधित संभागायुक्त या कलेक्टर कार्यालय के परीक्षा प्रभारी अथवा संबंधित केन्द्र अधीक्षक को आरटीपीसीआर रिपोर्ट के साथ देना होगी तथा वहां से प्राप्त अनुदेशों का अनुपालन करते हुए निर्दिष्ट परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

### कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला कटनी (म.प्र)

E-mailedge.mpedkin@mp.gov.in-ph_07622-231212

कटनी दिनांक 01.07.2021

**विज्ञप्ति**

सर्वधारण की जानकारी एवं मोटर आपरेटर्स की विशेष जानकारी के लिये यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि कटनी जिले में मदिरा के अवैध परिवहन में जप्तशुदा, राजसात किये गये वाहनों के नीलाम के लिये सीलबन्द निविदाएं जिला आबकारी अधिकारी, कार्यालय जिला कटनी पर आंमत्रित की जाती है। राजसात किये गये वाहन उनके नाम के सम्मुख दर्शाये स्थान पर अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेंगे। निविदा की शर्तें एवं निविदा फार्म तथा अन्य जानकारी अवकाश के दिनों को छोड़कर अन्य किसी भी दिन कार्यालय में दिनांक 22.07.2021 को समय दोपहर 12 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी कटनी से प्राप्त की जा सकती है, अधिक जानकारी के लिये कार्यालय के दूरभाष नंबर 07622-231217 पर संपर्क किया जा सकता है।

इच्छुक व्यक्ति द्वारा निविदाएं दिनांक 22.07.2021 को समय दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी कटनी में जमा की जा सकती है। निर्धारित दिनांक/समय में प्राप्त निविदाएँ दिनांक 2207.2021 को समय दोपहर 3.00 बजे आबकारी नियंत्रण कक्ष, कटनी में उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके वैद्य प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। निविदादाताओं की अनुपस्थिति निविदा खोलने की प्रकिया में बाधक नहीं होगी। वाहनों का प्रकार एवं उनका आफसेट प्राईज निम्नानुसार है:-

| क्रं. | स्थान का पता जहां वाहन खड़ा है | पुलिस / आबकारी वृत्त का अपराध क्र. | वाहन का प्रकार | वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर | निर्धारित ऑफसेट प्राईज |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | थाना बहोरीबन्द | 327/19 | हिरो सुपर स्पलेण्डर | MP 20 MZ9290 | 8000 |
| 2 | थाना बडवारा | 163/2020 | मोटर सायकल | MP 21 ME5857 | 17176 |
| 3 | थाना बडवारा | 108/2020 | स्कूटी एक्टिवा | MP 21MM6540 | 48100 |
| 4 | थाना बडवारा | 109/2020 | मोटर सायकल | MP 21 MK3117 | 30000 |
| 5 | थाना बडवारा | 268/2020 | मोटर सायकल | MP 54 MC9422 | 48620 |
| 6 | थाना बडवारा | 294/2020 | मोटर सायकल | MP 54 MN 3221 | 46800 |
| 7 | थाना बडवारा | 434/19 | मोटर सायकल | MP 21 MF 8421 | 33900 |
| 8 | आबकारी मालखाना | पी-8 267/14.09.19 | लोहिया ऑटो | MP 21R4254 | 10500 |
| 9 | आबकारी मालखाना | पी-8 146/12.08.20 | होण्डा सीबी साईन | Che- ME4JC65DEKG019275 | 49800 |
| 10 | थाना कुठला | 343/15 | सुजुकी एक्सेस | MP 21 MB 3418 | 13000 |
| 11 | थाना कोतवाली (न्यायालय मालखाना) | 1245/2015 | मोटर सायकल | MP 21 MG 1048 | 12000 |
| 12 | मद्यभाण्डागार कटनी | पी-8, 171/21.08.17 | बजाज मेक्सिमा आटो | MP 21R 3653 | 40000 |
| 13 | आबकारी नियंत्रण कक्ष | पी-8, 296/ 02.03.19 | होण्डा एक्टिवा | MP 21 M6864 | 7000 |
| 14 | थाना रीठी | 149/19 | हिरो होण्डा सीडी 100 | UP 11A9374 | 1200 |
| 15 | बस स्टैण्डपुलिस चौकी | 728/18 | सुजुकीमैक्स आर 100 | MP 21C 6525 | 1400 |
| 16 | देशी मद्यभाण्डागार कटनी | पी-8, 183/04.08.18 | टाटा 407 | MP 20 G 8844 | 78000 |

प्राप्त निविदा खोले जाने पर उसमें प्रस्तुत किये गये समस्त कागजात जांच में सही पाये जाने पर, निविदादाताओं द्वारा दिये गये उच्चतम ऑफर की घोषणा की जायेगी। निविदा में प्राप्त राशि यदि निर्धारित ऑफसेट मूल्य की राशि से अधिक है तो निविदा स्वीकृत किये जा सकते है। यदि किसी वाहन हेतु प्राप्त निविदा ऑफसेट मूल्य से कम है तो पुनः विज्ञप्ति जारी की जायेगी।

**नीलामी की शर्त एवं नियम निम्नानुसार रहेंगे:-**

1. वाहन जिस हालत में है उसी हालत में सौंपा जावेगा।
2. निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त निविदा मान्य नहीं होगी।
3. निविदा फॉर्म रूपये 500/- (अक्षरी पांच सौ रूपये मात्र) प्रोसेडिंग शुल्क जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय कटनी में ऑनलाईन ई चालान (आबकारी आनलाईन हेड 0039-800-000) के माध्यम से जमा कर अवकाश के दिनों को छोडकर कार्यालय में दिनांक 22.07.2021 को समय दोपहर 12 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
4. प्रत्येक वाहन की निविदा के साथ वाहन की ऑफसेट प्राईज की 50 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि) का बैंक ड्राफ्ट किसी राष्ट्रीयकृत/अधिसूचित/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के बैंकर्स चेक/बैंक केस आर्डर/ऑनलाईन चालान (केनरा बैक को छोडकर) जिला आबकारी अधिकारी जिला कटनी के नाम का निविदा फॉर्म के थींसाथ संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा। इसी प्रकार निविदादाता को 100 रूपये का शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज भी निविदा फॉर्म के साथ प्रस्तुत करना होगा। शपथ पत्र में उसके द्वारा घोषणा की जावेगी कि "मैने निविदा से संबंधित सारी शर्तें एवं उपबंध समझ लिया है जो कि मुझे स्वीकार है" प्रस्तुत करना होगा। बैंक ड्राफ्ट के अभाव में प्रस्तुत किये जाने वाली निविदा मान्य नही होगी।
5. टेण्डरदाताओं की पहचान एवं निवास स्थान के पते के प्रमाणीकरण के संबंध में (कोई एक दस्तावेज)
• पासपोर्ट
• स्थायी आयकर लेखा संख्या (पेन) कार्ड। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत मतदाता पहचान पत्र (ईपिक कार्ड)
• ड्राईविंग लायसेंस।
• फोटोयुक्त वर्तमान बैंक बचत/चालू लेखा पुस्तिका।
• आधार कार्ड।
6. निवास स्थान के पते के प्रमाणीकरण हेतु निम्न दस्तावेज मान्य होंगे। (कोई एक दस्तावेज)
• अधिकतम तीन माह पुराना टेलीफोन/मोबाईल बिल
• अधिकतम तीन माह पुराना बिजली भुगतान का बिल
• अधिकतम तीन माह पुरानी एल पी जी गैस रि-फिलिंग की रसीद
• अधिक तीन माह पुराना पानी का बिल
• किसी वित्तीय संस्थान द्वारा जारी फोटो युक्त केडिट कार्ड
• स्त्रोत पर आयकर कटौती का अद्यतन जारी फार्म 16 में प्रमाण पत्र
• बैंक की वर्तमान बचत/चालू लेखा पुस्तिका
• आधार कार्ड
7. प्रत्येक सीलबन्द लिफाफे के उपर शब्द «वाहन कय संबंधी निविदा एवं वाहन क्रमांक» अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।
8. असफल निविदाकारों की धरोहर राशि वांछित आवश्यक कार्यवाही पश्चात वापस कर दी जावेगी। किन्तु टेण्डर फार्म की कीमत वापसी योग्य नहीं होगी।
9. सफल निविदाकारों की धरोहर राशि का समायोजन स्वीकृति राशि के विरूद्ध किया जावेगा तथा निविदाकारों को उनकी निविदा स्वीकृत होने के 07 दिवस के अन्दर स्वीकृति अनुसार समस्त राशि का भुगतान जिला आबकारी अधिकारी जिला कटनी के पक्ष में करना होगा। इस संबंध में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। समयावधि में राशि जमा नहीं कराने की स्थिति में निविदाकार की धरोहर राशि कलेक्टर द्वारा राजसात की जावेगी।
10. निविदा के किसी भी बिन्दु पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार जिला आबकारी अधिकारी जिला कटनी का होगा।
11. सफल निविदादाता द्वारा वाहन के नामांतरण, टैक्स जमा करना आदि समस्त कार्यवाही हेतु शुल्क स्वयं ही वहन करना होगी। इस संबंध में नीलामी पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
12. उपरोक्त वाहनों के रजिस्ट्रेशन संबंधी कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं है तथा न ही उपलब्ध कराने का विभाग का उत्तरदायित्व होगा।
13. वाहन पर किसी संस्थान, बैंक अथवा निजी व्यक्ति के फायनेंस बावत किसी प्रकार का उत्तरदायित्व विभाग का नहीं होगा।

निविदाकार उल्लेखित वाहनों का अवलोकन नीलामी दिनांक के दो दिवस पूर्व वाहन के खडे रहने के स्थल पर कर सकते है। नीलामी पश्चात इस संबंध में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।
(कलेक्टर द्वारा आदेशित)

(अनिल जैन)
जिला आबकारी अधिकारी

जी-14351-21

दो गज की दूरी, मास्क है जरुरी।

## सोडियम हाईपोक्लोराइड का किया गया छिड़काव

**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशानुसार कोविड-19 कोरोना वायरस के प्रसार पर पूर्णतः नियंत्रण की दृष्टि से निगम प्रशासन द्वारा रोजाना नगर के विभिन्न स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव कार्य निरंतर जारी है।

सैनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण के प्रसार को पूर्ण रूपेण समाप्त करनें एवं प्रसार को रोकनें की दृष्टि से बाल गंगाघर तिलक वार्ड इंदिरा नगर गली नंबर 1 एवं 2 तथा पन्ना मोड सांई मंदिर के सामनें स्थित मल्टी परिसर, पुरैनी स्थित बजरंग कॉलोनी, रचना नगर की विभिन्न गलियों, चौपाटी स्थित दीन दयाल रसोई परिसर एवं आसपास के स्थलों सहित नगर के अन्य क्षेत्रों में जैटर पंप के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिड़काव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करने की कार्यवाही की गई।



### गुमशुदा की तलाश

पुरानी बस्ती स्वर्णकार पुत्रीशाला कटनी के पास निवास करने वाले सेठू सोनी का पुत्र राम सोनी कल रात्रि 8 बजे के बाद से लापता है। जिस किसी व्यक्ति को मिले वह कृपया इन नंबरों पर संपर्क करने का कष्ट करें।
संपर्क- मो. 9617628615, 7697857794

### कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म0प्र0)

पत्र क्रमांक 1898./खनिज/2021 — कटनी, दिनांक 2816/102)

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स अजहर ग्रेनाई, निवासी 670 जयप्रकाश नारायण वार्ड बडी ओमती जबलपर (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपटटा/पूर्वेक्षण अनुज्ञाप्त (जा मा ला हो) प्राप्त करने हेत निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 15.02.2021 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 1101 दिनांक 06.03.2021 प्रकाशित का गइ था। इस क्षेत्र पर पुनः विज्ञापन प्रकाशित होने से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | ढीमरखेड़ा | मार सिहुडी | 29/17 | 18.530 | शासकीय भूमि | एम. सेण्ड | |
| | | | कुल रकबा | 18.530 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम,1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला कटनी

जी-14340/21

दो गज की दूरी, मास्क है जरुरी।

# रेड मर्करी का प्रलोभन देकर उड़ीसा के युवक से ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

## दो फरार, कुठला पुलिस को मिली सफलता




**कटनी।** रेड मर्करी का प्रलोभन देकर उड़ीसा के युवक से 80 हजार रूपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने पारधी समुदाय के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लगभग 22 हजार रूपए भी बरामद कर लिए गए हैं जबकि शेष रकम आरोपियों ने खर्च कर दी है। गौरतलब है कि उड़ीसा के मयूरभंज क्षेत्र निवासी 31 वर्षीय रामकृष्ण पिता सदानंद राऊत ने पारधी समुदाय के चार लोगों को रेड मर्करी देने का प्रलोभन देकर 80 हजार रूपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया था। रामकृष्ण के मुताबिक वह बारीपदा उड़ीसा में कुक का काम करता है । करीब 2 वर्ष पहले मेंला में रूद्राक्ष बेचेने वाली महिला से एक मुखी रूद्राक्ष खरीदने की बात पर संपर्क हुआ था जो उसके मोबाईल से लगातार बाते होती थी। उसी नंबर पर पिछले 2-3 माह से महिला के पति द्वारा अपने पास रेड मर्करी का होना बताया और 2 लाख रूपये में उपलब्ध करा देने की बात कही। जिसके लिये 80 हजार रूपये एडवांस और बाकी रकम बाद में देने की बात हुई। महिला के पति की बातों में आकर रामकृष्ण गतदिवस अपने दोस्तो के साथ कार से कटनी आया। महिला के पति द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचने पर वहां चार युवक मिले और कांच की शीशी में लाल रंग की वस्तु दिखाकर कहा कि यही रेड मर्करी है। रामकृष्ण ने युवकों को एडवांस में 80 हजार रूपए दिए और शेष रकम लेने एटीएम से निकाल कर फिर युवकों के पास जा रहा था। उसीदौरान रास्ते में कुछ लोगों ने पारधी समाज के द्वारा अब तक इस प्रकार किए गए अपराध की जानकारी दी। जिसके बाद रामकृष्ण साथियों के साथ कुठला थाने पहुंचा और अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू की। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम पटेहरा निवासी 19 वर्षीय गुरजलाल पिता बिस्कुटलाल पारधी व ग्राम हरदुआ निवासी 20 वर्षीय कसाल पिता कमलेश पारधी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को थाने लाकर वैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आपने साथी पंजाब सिंह व मोबित लाल के साथ मिलकर उक्त घटना कारित करना बताया। जिसके बाद अब पुलिस पंजाब सिंह व मोबित लाल की तलाश कर रही है।

### नगद, मोबाईल व बाइक जप्त

पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग 22 हजार रूपए सहित दो मोटर सायकल क्रमशः एम.पी.21एमआर-0119 व एम.पी.21एमक्यू-8021 सहित दो मोबाईल फोन भी जप्त किए हैं।

### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में मामले की गुत्थी सुलझाने में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह, उपनिरीक्षक प्रियंका राजपूत, माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक संतोष सिंह, रजनीश भदौरिया, प्रहलाद पैकरा, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा, योगेन्द्र सिंह, सुग्रीवधर बडगैया, पुष्पराज सिंह, आरक्षक प्रशांत साईबर सेल, आरक्षक दिनेश सेन, शिवप्रकाश तिवारी, राकेश त्रिपाठी, मनोज द्विवेदी, आकाश राय, विनोद मार्को, रामेश्वर सिंह की भूमिका रही।

# स्थानांतरण नीति का एक साल से इंतजार कर रहे थे शिक्षक

## तबादले के लिए करना होगा ऑफलाइन आवेदन, ऑनलाइन जारी होंगे आदेश



**31 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी तबादले की प्रक्रिया**

**कटनी।** पिछले करीब एक साल से शिक्षक स्थानांतरण नीति का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार उनका इंतजार अब समाप्त हो गया। मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने सोमवार को स्थानांतरण नीति जारी कर दी। इस बार शिक्षकों को तबादले के लिए ऑफलाइन आवेदन करना होगा, लेकिन उनके स्थानांतरण आदेश ऑनलाइन जारी किए जाएंगे। विभाग की पॉलिसी के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तबादले के लिए ऑफलाइन आवेदन लिए जाएंगे। पात्र होने पर ऑनलाइन आदेश एमपी शिक्षा मित्र एप पर जारी होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी स्थानांतरण सामान्य प्रशासन विभाग की नीति के अनुसार ही किए जाएंगे। स्थानांतरण के लिए शिक्षक स्वयं के व्यय पर एवं परस्पर स्थानांतरण के लिए अपने आवेदन कार्यालय प्रमुख से सत्यापित कराकर जिला शिक्षा अधिकारी को 18 जुलाई तक प्रेषित करेंगे, वहीं जिले के अंदर किए जाने वाले स्थानांतरणों पर प्रभारी मंत्री का अनुमोदन जरूरी होगा। अनुमोदन की कार्रवाई 25 जुलाई से 31 जुलाई तक पूर्ण कर स्थानांतरण आदेश पोर्टल के माध्यम से जारी कर दिए जाएंगे। 31 जुलाई को रात्रि 12 बजे स्थानांतरण के लिए पोर्टल लॉक हो जाएगा। इसके अनुसार जिला स्तर पर निराकृत होने वाले आवेदनों को छोड़कर शेष आवेदनों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा परीक्षण कर संवर्ग वार सूचीबद्ध कर लोक शिक्षण आयुक्त को 19 जुलाई तक भेजा जाएगा। यदि स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत कोई शिक्षक जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित स्कूलों में पदस्थापना चाहते हैं, तो सामान्य प्रशासन विभाग के प्रावधानों के तहत प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाने के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए लोक शिक्षण आयुक्त अधिकृत होंगे।

### एक्सीलेंस व मॉडल स्कूलों के पद ब्लॉक किए जाएंगे

विशिष्ट प्रकार की शालाएं जैसे-सीएम राइज योजना के अंतर्गत संचालित विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूल के पद ब्लॉक किए जाएंगे। इन विद्यालयों में स्थानांतरण के माध्यम से पदस्थापना नहीं की जाएगी। यदि किसी जिले द्वारा इन विद्यालयों में स्थानांतरण द्वारा पदस्थापना की जाती है, तो ऐसे स्थानांतरण आदेश स्वतरू शून्य माने जाएंगे।

### पोर्टल से जारी होंगे सभी स्थानांतरण आदेश

स्थानांतरण नीति के अनुसार शिक्षक संवर्ग से संबंधित सभी स्थानांतरण आदेश विभाग के एजुकेशन पोर्टल के माध्यम से ही जारी किए जाएंगे एवं संबंधितों को एम.शिक्षा मित्र एप पर उपलब्ध कराए जाएंगे। ऑफलाइन जारी किए जाने वाले आदेश मान्य नहीं होंगे। स्वीकृत भरे एवं रिक्त पदों की वर्तमान स्थिति की जानकारी एजुकेशन पोर्टल पर जिला शिक्षा अधिकारी के लॉगइन पर प्रदर्शित होंगी।

# सड़क दुर्घटना में घायल की मदद करते युवकों ने पार कर दी सोने की चैन व नगदी

## आदर्श कालोनी में घटना, आरोपी गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली के आदर्श कालोनी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार के घायल होने पर उसकी मदद करने के नाम पर उसकी सोने की चैन व जेब से 4300 रूपए नगद पार करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद युवकों के पास से कुछ नगद रकम तो जप्त कर ली है लेकिन अभी सोने की चैन के संबंध में कोई जानकारी नहीं लगी है। इस संबंध में उपनिरीक्षक जगदीश तिवारी ने बताया कि आदर्श कालोनी निवासी अक्षय प्रताप सिंह 11 जुलाई की रात लगभग 12 बजे घर वापस लौटते समय स्कूटी फिसल जाने से गिरकर घायल हो गया। अक्षय की मदद करने पड़ोसी रोहित राय व उसका दोस्त शुभम द्विवेदी पहुंचे। दोनों ने अक्षय को उठाकर घर पहुंचाया और इसी बीच उसकी जेब में रखे 4300 रूपए नगद व गले से दो तोला वजनी सोने की चैन पार कर दी। अक्षय को जब इस बात की जानकारी लगी तो उसने रोहित राय व शुभम द्विवेदी के विरूद्ध चोरी की नामजद शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भी दोनों युवकों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों के पास से कुछ नगद रकम तो जप्त कर ली गई है लेकिन सोने की चैन के संबंध में कोई जानकारी नहीं लगी है।

# कांग्रेस में भी सर्जरी की तैयारी

## संगठन में बदलाव के संकेत, युवाओं को मिलेगी कमान



**कटनी।** कांग्रेस के भीतर बड़े पैमाने पर फेरबदल की सुगबुगाहट है। पता चला है कि अगले कुछ दिनों में कई जिलों के जिलाध्यक्ष से लेकर मंडलम और सेक्टर स्तर पर नए चेहरों को कमान दी जा सकती है। सूत्र बताते हैं कि फेरबदल का असर कटनी में भी पड़ सकता है। यहां लंबे समय से संगठन की सर्जरी किए जाने की मांग चल रही है। विधानसभा चुनाव के पहले संगठन में बदलाव के संकेत मिले थे किंतु चुनाव की वजह से संगठन का कामकाज पिछड़ गया था। उधर दूसरी ओर कोरोना संकट के चलते पार्टी में बड़े बदलाव नहीं किए जा सके। अब एक बार फिर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की तैयारी में है। इसे अगले विधानसभा चुनाव की तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक जिस तर्ज पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने अपनी जमावट की है उसी पैर्टन पर कमलनाथ अपनी टीम बनाने जा रहे हैं। इसके लिए पार्टी के रणनीतिकारों ने निचले स्तर के संगठन को मजबूत करने और निष्क्रिय नेताओं को हटाने की योजना बनाई है। बताया जा रहा कि फेरबदल के पहले प्रदेश संगठन मंडलम और सेक्टर अध्यक्षों के कामकाज की समीक्षा कर रहा है। इस बदलाव के लिए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कटनी सहित अन्य जिलों का दौरा कर कार्यकर्ताओं से फीडबैक ले चुके हैं माना जा रहा है कि बदलाव में इस रिपोर्ट का अहम रोल रहेगा। बदलाव में संगठनात्मक पदों पर युवा और सक्रिय रहने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। लंबे समय से पदों पर काबिज नेताओं को दूसरी जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं। दरअसल पार्टी को अगले विधानसभा चुनाव में बेहतर परिणामों की उम्मीद है यही वजह है कि संगठन स्तर पर पार्टी कोई चूक नहीं करना चाहती। उल्लेखनीय है कि 3 साल पहले तत्कालीन प्रदेश प्रभारी महासचिव मोहनप्रकाश ने संगठन की मैदानी ताकत बढ़ाने के लिए भाजपा की तर्ज पर मंडलम और सेक्टर बनाने का फार्मूला तैयार कर प्रदेश में लागू किया। कटनी में भी इस फार्मूले के तहत मंडलम और सेक्टर गठित किए थे। कटनी जिले में पार्टी लगातार सक्रिय है किंतु बदलाव की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता। जिला शहर कांग्रेस और ग्रामीण अध्यक्ष की दौड़ में कई युवा नेता भी सक्रिय हैं।

# कल आएगा दसवीं का रिजल्ट, वेबसाइट पर होगा घोषित

## जिले के 17 हजार से ज्यादा छात्रों का इंतजार समाप्त, रिजल्ट को लेकर दिखा उत्साह






**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हाईस्कूल कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम कल बुधवार 14 जुलाई को शाम 4 बजे घोषित किया जा रहा है। परीक्षा परिणाम घोषित होने को लेकर छात्रों में उत्साह देखा जा रहा है। कोरोना संक्रमण के चलते इस वर्ष कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन नहीं किया जा सका था। जिसके चलते रिजल्ट घोषित करने में भी सरकार को माथापच्ची करनी पड़ रही थी लेकिन सरकार द्वारा तैयार किए गए फार्मूले के तहत अब रिजल्ट घोषित करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक कटनी जिले में कक्षा दसवीं में नियमित और प्राईवेट मिलाकर 17801 छात्रों का रिजल्ट घोषित किया जाएगा। रिजल्ट शाम चार बजे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट mpbse.nic.in में जारी किया जाएगा। परीक्षा परिणाम को लेकर पिछले एक महीने से चल रही कवायद अब पूरी होने जा रही है। गौरतलब है कि कोरोना महामारी के कारण इस वर्ष बोर्ड परीक्षाएं रद्द कर दी गई थीं और जिले के 17 हजार 901 छात्र परिणाम घोषित किए जाने का इंतजार कर रहे थे। परीक्षाएं रद्द होने के बाद बोर्ड ने रिजल्ट का फॉर्मूला जारी किया था। इसके मुताबिक प्री-बोर्ड परीक्षाओं को 50 प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा। यूनिट टेस्ट को 30 प्रतिशत वेटेज और आंतरिक मूल्यांकन को 20 प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा। पिछले साल 68.81 फीसदी परिणाम रहा था। माना जा रहा है कि इस साल परिणाम इससे कहीं अधिक रहेगा। हालांकि टॉपर्स लिस्ट जारी नहीं की जाएगी। छात्र mpbse.nic.in के साथ ही mpresults.nic.in और results.nic.in पर भी अपने नतीजा चेक कर सकते हैं। छात्र एसएमएस के माध्यम से भी अपना नतीजे देख सकते हैं। इसके लिए अपने फोन के एसएमएस सेक्शन में MPBSE10 रोल नंबर टाइप करें। इस एसएमएस को 56263 पर भेजें। ऐसा करने के बाद आपके रिजल्ट के साथ एक मैसेज आएगा।

### 12वीं का रिजल्ट जुलाई के आखिरी हफ्ते में

10वीं के छात्रों की तरह ही 12वीं के छात्रों को भी परिमाण का इंतजार है। माना जा रहा है कि एमपी बोर्ड 12वीं का रिजल्ट जुलाई के आखिरी हफ्ते में आ सकता है। वहीं सीबीएसई सीआईएससीई उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सहित अन्य बोर्ड भी जुलाई के तीसरे सप्ताह तक कक्षा 10 के परिणाम घोषित करने वाले हैं।

### परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थी हो सकते है परीक्षा में शामिल

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं हायर सेकेण्डरी व्यवसायिक वर्ष 2021 के परीक्षा परिणामों की घोषणा के उपरांत अपने परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होने के लिए 1 अगस्त से 10 अगस्त तक आनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव से प्राप्त जानकारी अनुसार 1 सितम्बर से 25 सितम्बर के मध्य हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी एवं हायर सेकेण्डरी व्यवसायिक की विशेष परीक्षाओं का आयोजन मण्डल द्वारा निधारित परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा। परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थी 1 से 10 अगस्त तक परीक्षा के लिए आनलाईन पंजीयन करा सकते है।




# अब गर्भवती महिलाओं के वेक्सीनेशन पर फोकस

## जिले में करीब 10 हजार गर्भवती महिलाएं, शिविर का होगा आयोजन, प्रशिक्षित हो रहा नर्सिंग स्टाफ

**कटनी।** राज्य सरकार के निर्देश पर अब पूरे प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में गर्भवती महिलाओं का कोरोना वेक्सीनेशन किया जाएगा। इसके लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सप्ताह में एक दिन गर्भवती महिलाओं के लिए टीकाकरण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ द्वारा गर्भवती महिलाओं को कोरोना का टीका लगाया जाएगा, इसके लिए स्टाफ को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने जानकारी देते हुए बताया कि कटनी जिले में इस समय करीब 10 हजार के आसपास गर्भवती महिलाएं हैं, जिनका कोरोना वेक्सीनेशन किया जाना है, इसके लिए शासन स्तर पर पूरा प्लान तैयार हो रहा है। प्लान के मुताबिक 15 जुलाई के बाद एक दिन के लिए शिविर आयोजित करते हुए टीकाकरण किया जाएगा। डॉ. सिंघई ने बताया कि गर्भवती महिलाओं के वेक्सीनेशन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमे बीएमओ, बीपीएम और बीसीएम को ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रशिक्षण लेने के उपरांत बीएमओ, बीपीएम और बीसीएम द्वारा एएनएम और सीएचओ को प्रशिक्षित किया जाएगा। विदित हो कि 12, 13 एवं 14 जुलाई को जिले में वेक्सीनेशन का आयोजन नहीं हो रहा है।


**महावीर पैरामेडिकल कॉलेज, कटनी** College Code 740(8) F/A200153

मान्यता प्राप्त (म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल एवं मेडिकल वि.वि. जबलपुर)

B.M.L.T. (बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन) | D.M.L.T. (डिप्लोमा ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन) | D.Pharma (Ayurveda डिप्लोमा)

छात्रवृत्ति के आधार पर एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को नि :शुल्क प्रवेश

संपर्क करें :- गायत्री नगर, कटनी मो. 7987327613, 9131569944, 9131800480


### नाम परिवर्तन

सूचित किया जा रहा है कि नगर निगम द्वारा जारी एपीएल राशन कार्ड क्रमांक 27599/371 में मेरी पत्नी का नाम गोमबाई साहू एवं पुत्र का नाम सुमित त्रुटिवश दर्ज हो गया है। पत्नी के आधार कार्ड क्रमांक 854367215225 में सुनीता साहू तथा पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 487141777684 में अमित साहू दर्ज है जो सत्य एवं सही है। अतः उक्त दोनों नाम गलत नाम के स्थान पर सही नाम सुनीता साहू एवं अमित साहू दर्ज किया जाए। इस संबंध में मेरे द्वारा आयुक्त नगर निगम के समक्ष शपथ पत्र एवं आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

मनीराम साहू
पिता अमृतलाल साहू. चंद्रशेखर आजाद वार्ड 05 कटनी





पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)